FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य साइबर सेल व थाना साइबर दिनांक 16-04-2026 जनपद फिरोजाबाद

साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में फर्जी लोन के नाम पर साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्य गिरोह का किया गया पर्दाफाश।

- **फर्जी लोन का जाल बेनकाब — 3 साइबर ठग गिरफ्तार।**
- **QR कोड से वसूली व म्यूल बैंक खातों से की जा रही थी मनी लॉन्ड्रिंग।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 1 लैपटॉप, 7 मोबाइल, 3 पासबुक, 10 एटीएम कार्ड, 17,800/- नकद व भारी मात्रा में डिजिटल साक्ष्य बरामद।**
- **साइबर ठगी के रुपयों (लगभग 12 से 15 लाख रुपये) से ही फ्रॉडस्टरों द्वारा 01 हुंडई वैरना कार व 01 रॉयल इन्फील्ड बुलेट मोटरसाइकिल भी खरीदी गयी।**
- **फेसबुक पर धनी फाइनेन्स के नाम से एड चलाकर करते थे ठगी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 08/2026 धारा 318(4), 61(2) बीएनएस0 व 66D आईटी एक्ट में 03 अभियुक्तों 01.अवधेश कुमार, 02.सनीवेश अवस्थी व 03.कुनाल उपाध्याय को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप, एटीएम कार्ड और जाली खातों की पासबुक व अन्य सामग्री की गयी बरामद। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

आज दिनांक 16.04.2026 को साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर विजयपुरा तिराहा क्षेत्र से तीन अभियुक्तों 01.अवधेश कुमार, 02.सनीवेश अवस्थी व 03. कुनाल उपाध्याय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण अवैध रूप से फेसबुक एड के द्वारा धनी फाइनेन्स के नाम पर लोन देने का झांसा देकर आम जनमानस से साइबर धोखाधड़ी कर रहे थे।

अपराध का तरीका (Modus Operandi):

- अभियुक्तगण फेसबुक पर “धनी फाइनेंस” नाम से फर्जी विज्ञापन प्रसारित करते थे।
- लोगों को ₹5 लाख तक का लोन स्वीकृत होने का झांसा देते थे।
- प्रोसेसिंग फीस/रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर धनराशि ऑनलाइन प्राप्त करते थे।
- प्राप्त धनराशि विभिन्न बैंक खातों में मंगवाकर एटीएम कार्ड के माध्यम से नकद निकासी कर आपस में बांट लेते थे।

कृत कार्यवाही:

- अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया।
- बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सील कर फॉरेंसिक जांच हेतु भेजा जा रहा है।
- डिजिटल साक्ष्यों (चैट, ट्रांजेक्शन) का विश्लेषण जारी है।
- अंतरराज्यीय नेटवर्क होने के कारण अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त:

- अवधेश कुमार पुत्र राम निवासी निवासी ग्राम पुरा जनपद हाथरस व हाल निवासी (मामा का घर) बिल्टीगढ़, थाना मक्खनपुर, जनपद फिरोजाबाद।
- सनीवेश अवस्थी पुत्र पुण्डरीक अवस्थी निवासी गली नं0 08 महावीर नगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
- कुनाल उपाध्याय पुत्र गौरव उपाध्याय निवासी डॉ0 बीना जैन के क्लिनिक के पीछे, जनपद फिरोजाबाद ।

बरामदगी का विवरण:

- 07 अदद मोबाइल फोन
- 03 अदद पासबुक
- 10 अदद एटीएम कार्ड
- ₹17,800/- नकद
- 01 अदद लैपटॉप (HP)
- 01 अदद कार (Hyundai Verna)
- 01 अदद मोटरसाइकिल (Royal Enfield Bullet)

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः

1. निरीक्षक श्री मनोज यादव, प्रभारी साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक श्री शिव कुमार चौहान, साइबर क्राइम थाना, जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 दिवेश कुमार, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
4. क0ऑपरेटर वृन्दावन बिहारी पांडेय, साइबर क्राइम थाना, जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0आ0 1078 राकेश कुमार, थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद।

6. मु0आ0 917 हेमेन्द्र प्रताप सिंह, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
7. आरक्षी 100 अंकित वर्मा, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
8. आरक्षी 1014 अंशुल बालियान, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
9. आरक्षी 951 अक्षय डेढा, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
10. आरक्षी 1495 मोहन ठाकुर, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।
11. आरक्षी 1097 अतुल भार्गव, साइबर सैल जनपद फिरोजाबाद।

जनसामान्य से अपील

जनपद पुलिस आमजन से अपील करती है कि—
किसी भी अनजान कॉल/सोशल मीडिया विज्ञापन पर लोन या ऑफर के झांसे में न आएं।
बिना सत्यापन के किसी भी क्यूआर कोड/खाते में धनराशि प्रेषित न करें।
साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

— जनपद फिरोजाबाद पुलिस –
“सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा”